Dainik Bhaskar **Date: 09.01.2020**

श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय में मनाया गया छठा स्थापना दिवस

136 साल पुरानी ट्रस्ट की विरासत और उपलब्धियों की दी जानकारी

सिटी रिपोर्टर | श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय का छठवां स्थापना दिवस मनाया गया। बुधवार को कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन कर की गई। इसके बाद डॉ. उपिंदर धर, कुलपति, श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय ने पिछले पांच वर्षों की शानदार उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति पुरुषोत्तमदास पसारी ने श्री वैष्णव ट्रस्ट की 136 साल पुरानी विरासत और शिक्षा के साथ-साथ समाज सेवा में इसकी उपलब्धियों के बारे में बताया। मुख्य अतिथि विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन के कुलपति डॉ. बालकृष्ण शर्मा ने मूल्य आधारित शिक्षा और अनुसंधान में विश्वविद्यालय के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने पांच वर्ष के अंदर हासिल की राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धियों की प्रशंसा की। उन्होंने विद्या दान और नैतिक मूल्यों के महत्व पर जोर दिया। आभार श्री वैष्णव विद्यापीठ ट्रस्ट के सचिव कमल नारायण भुराड़िया ने माना। समन्वयन डॉ. जिज्ञासु दुबे, विभागाध्यक्ष, सूचना प्रौद्योगिकी और सह-समन्वयक प्रो. रूपाली भारतीय ने किया।

पत्रिका

Thu, 09 January 2020

श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय

स्थापना दिवस समारोह में बताई संस्थान की उपलब्धियां

पत्रिका PLUS रिपोर्टर

इंदौर ♦ श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय में छठा स्थापना दिवस बुधवार को मनाया गया। कुलपति डॉ. उपिंदर धर ने पिछले पांच वर्षों में विश्वविद्यालय की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। कुलाधिपति पुरुषोत्तम दास पसारी ने श्री वैष्णव ट्रस्ट की 136 साल पुरानी विरासत और शिक्षा के साथ समाज सेवा में उपलब्धियों के बारे में बताया।

मुख्य अतिथि विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन के कुलपति डॉ. बालकृष्ण शर्मा ने मूल्य आधारित शिक्षा और अनुसंधान में विश्वविद्यालय के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धियों की प्रशंसा की, जो पांच वर्षों के थोड़े समय के भीतर हासिल की गई हैं। उन्होंने विद्या दान और नैतिक मूल्यों के महत्व पर जोर दिया। इस आयोजन का समापन श्री वैष्णव विद्यापीठ ट्रस्ट के सचिव कमल नारायण भुराड़िया के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. जिज्ञासु दुबे, विभागाध्यक्ष, सूचना प्रौद्योगिकी और सह-समन्वयक प्रो. रूपाली भारतीय ने किया।

Dabang Dunia **Date: 09.01.2020**

जीवन में विद्या दान, सेवा और नैतिक मूल्यों को अपनाएं

श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय का छठा स्थापना दिवस मनाया

दबंग रिपोर्टर ■ इंदौर

श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय का छठा स्थापना दिवस बुधवार को संस्थान में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इसके बाद विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. उपिंदर धर ने विश्वविद्यालय की पांच वर्षों की उपलब्धियों की जानकारी दी। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति पुरुषोत्तमदास पसारी ने श्री वैष्णव ट्रस्ट की 136 साल पुरानी विरासत और शिक्षा के साथ-साथ समाजसेवा में उपलब्धियां बताईं।

आयोजन के मुख्य अतिथि विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन के कुलपति डॉ. बालकृष्ण शर्मा ने मूल्य आधारित शिक्षा और अनुसंधान में विश्वविद्यालय के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने राष्ट्रीय के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धियों की प्रशंसा की, जो पांच वर्षों के थोड़े समय के भीतर हासिल की गई हैं। उन्होंने विद्या दान और नैतिक मूल्यों के महत्व पर जोर दिया।

नैतिक मूल्यों की भी जीवन में अति आवश्यकता – उन्होंने कहा कि विद्या दान से बढ़कर कोई ओर दान नहीं, यह सेवा व्यक्ति के साथ उसकी आने वाली सात पीढ़ियों का जीवन संवार देती है। इसके साथ ही नैतिक मूल्यों की भी जीवन में अति आवश्यकता होती है। नैतिक मूल्यों के साथ आप हर परेशानी को आसानी से पार कर सकते हैं। कार्यक्रम का समन्वयन सूचना प्रौद्योगिकी विभागाध्यक्ष डॉ. जिज्ञासु दुबे, सह समन्वयक प्रो.रूपाली भारती ने किया। आभार श्री वैष्णव विद्यापीठ ट्रस्ट के सचिव कमल नारायण भुराड़िया ने माना।